वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 29 जून 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान (NRF) विधेयक को स्वीकृति देने का निर्णय स्वागतयोग्य : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान (NRF) विधेयक को स्वीकृति देने के निर्णय का स्वागत करती है। वर्तमान परिदृश्य में शोध कार्य को बढ़ावा व इससे संबंधित अवसंरचना के विकास हेतु शीघ्र प्रयास करना बहुत आवश्यक है। आज वैज्ञानिक प्रतिस्पर्धा के युग में शोध संस्कृति का उन्नत होना काफी महत्वपूर्ण है, जिसको इस विधेयक के संसद में पारित होने से बल प्राप्त होगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, शोध संस्कृति को उन्नत बनाने व संबंधित अवसंरचना को विकसित तथा राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान को समावेशी बनाने के लिए निरंतर सरकार से मांग कर रही है। अभाविप आशा करती है कि यह प्रतिष्ठान देश में अनुसंधान एवं नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने वाला होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् आशान्वित है कि संसद में इस विधेयक के पारित के उपरांत देश में अनुसंधान एवं विकास पर उद्योग जगत द्वारा सहयोग तथा आपसी समन्वय बढ़ाने के लिए सभी हितधारक मिलकर प्रयास करेंगे, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम नज़र आएंगे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि," देश में अनुसंधान संस्कृति का बेहतर होना और शोध कार्य हेतु मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता बेहद आवश्यक है। राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान की स्थापना से उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में सशक्त अनुसंधान प्रवृत्ति का विकास किया जा सकेगा। अभाविप इस विधेयक को समावेशी बना इसे संसद द्वारा जल्द पारित कराए जाने व इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आशान्वित है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी कि गयी है।)